4 धान खरीदी केन्द्र में टोकन नहीं कटने से दो सौ किसान हैं परेशान




## खबर संक्षेप

### सतनाम धाम चरचा में मनाई जाएगी गुरू घासीदास जयंती

**बैकुण्ठपुर।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज कोरिया द्वारा



प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी सतनाम पंथ के प्रवर्तक संतशिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जी की 269 वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सतनाम धाम, सुभाष नगर चरचा कॉलरी में संपन्न होगा। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक निराला, जिलाध्यक्ष सतनामी समाज जिला कोरिया करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया श्रीमती वंदना राजवाड़े, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा अरूण कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर राजेश सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा श्रीमती लालमूनी यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सायं 4 से 5 बजे गुरू गद्दी एवं जय स्तंभ पूजन के पश्चात ध्वजारोहण किया जाएगा। 5 से 6 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा, 6 से 7 बजे पुरस्कार वितरण तथा 7 से 9 बजे आदर्श लोक कला मंच अमहर एवं विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत पंथी गीत एवं पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

### गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस आज

**मनेन्द्रगढ़।** आबकारी आयुक्त छग रायपुर द्वारा वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति के अंतर्गत जारी निर्देशों के पालन में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में पूर्ण शुष्क दिवस घोषित किया गया है। छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार आबकारी नीति की कंडिका 22 की उपकंडिका 22.1 के तहत गुरूघासीदास जयंती के दिन जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, कंपोजिट मदिरा दुकानें, दुकानों से संलग्न सभी अहाते तथा एफएल 4 (क) अनुज्ञप्ति अंतर्गत संचालित व्यवसायिक क्लब पूर्णतः बंद रहेंगे। इस दिन किसी भी प्रकार का मदिरा विक्रय या परोसना प्रतिबंधित रहेगा।

### सरस्वती विकास विद्यालय में 56 वां वार्षिकोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विकास विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में 19 दिसंबर को विद्यालय का 56 वां वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12:30 बजे से विद्यालय परिसर सेंट्रल बैंक के सामने मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा।

### मनेन्द्रगढ़ में दहशत का कायम रहा माहौल, वन विभाग को मिली सफलता

# आखिरकार पिंजरे में कैद हुई शावकों के साथ मादा भालू



पिंजरे में कैद भालू।



रेस्क्यू में शामिल वन अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

लंबे समय से जिला मुख्यालय और आसपास के इलाकों में दहशत का कारण बनी मादा भालू और उसके दो शावकों को पकड़ने में आखिरकार वन विभाग को सफलता मिल गई। कई दिनों की सतर्क निगरानी, रणनीति और कड़ी मशक्कत के बाद वन अमले ने यह अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कार्रवाई के बाद शहरवासियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार बीते कुछ समय से मनेन्द्रगढ़ नगर और उससे लगे रिहायशी इलाकों में मादा भालू अपने दो शावकों के साथ विचरण कर रही थी। भालू के बार-बार आबादी क्षेत्र में आने से आमजन में भय का माहौल बन गया था। सुबह-शाम लोग घरों से निकलने में हिचकिचा रहे थे, वहीं बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी। कई स्थानों पर भालू के दिखाई देने की खबरें सामने आने के बाद वन विभाग ने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझते हुए विशेष टीम का गठन किया। वन विभाग द्वारा पहले चरण में क्षेत्र की लगातार निगरानी की गई और भालू के मूवमेंट को चिन्हित किया गया। इसके बाद रणनीति के तहत शावकों को सुरक्षित पकड़ने के लिए पिंजड़े लगाए गए। प्रयास रंग लाया और दोनों शावक वन विभाग द्वारा रखे गए पिंजड़ों में फंस गए। शावकों के पकड़े जाने के बाद मादा भालू को काबू में करना चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि वह आक्रामक व्यवहार दिखा सकती थी। ऐसे में वन विभाग की टीम ने पूरी सतर्कता के साथ ट्रैंकुलाइजेशन की प्रक्रिया अपनाई। विशेषज्ञों की मौजूदगी में मादा भालू को ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। पूरी कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने इस बात का विशेष ध्यान रखा कि किसी भी प्रकार की जनहानि या भालू परिवार को



अनावश्यक चोट न पहुंचे। सफल ऑपरेशन के बाद मादा भालू और उसके दोनों शावकों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस खबर के सामने आते ही क्षेत्र के लोगों ने राहत महसूस की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से भय के साये में जीवन व्यतीत करना पड़ रहा था। भालू के पकड़े जाने से अब सामान्य दिनचर्या लौटने की उम्मीद जगी है। व्यापारियों, राहगीरों और स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने भी वन विभाग के प्रयासों की सराहना की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए मादा भालू और उसके शावकों को वन क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण में पुर्नवास के लिए भेजा जाएगा, ताकि वे प्राकृतिक आवास में रह सकें। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए गश्त और निगरानी बढ़ाई जाएगी। भालू के रेस्क्यू में बिलासपुर से डॉ. चंदन, डॉ. अजीत पांडे अंबिकापुर, वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ मनीष कश्यप, एसडीओ अवधेश सिंह, वन परिक्षत्राधिकारी मनेन्द्रगढ़ रामसागर कुर्रे, वनपरिक्षेत्राधिकारी बिहारपुर बलराज सिंह पैकरा, तरूण रजक, अभरेव सिंह, अनिता सिंह, रिता तिर्की, सरिता एक्का, ज्योति तिर्की, मनोज सेन, इंद्र कुमार बंजारे, अशोक कुर्रे, नरेन्द्र सिंह, विजय पैकरा, राहुल राज, बिहारीलाल शर्मा समेत अन्य कर्मी सक्रिय रहे।

# तीन सड़क हादसे, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



घटना स्थल पर भीड़।

साल का आखिरी महीना दिसंबर चल रहा है और दिसंबर के महीने में सड़क दुर्घटना की घटनाओं में बढ़ोतरी हो जाती है। सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में तेज रफ्तार वाहन चलाने के साथ शराब सेवन कर वाहन चलाने की वजह से सबसे अधिक दुर्घटना होती है।

बीते मंगलवार व बुधवार को जिला मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय के निकट तीन सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई। इनमें एक घटना में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ,वहीं दो घटनाओं में भी बाइक सवार चोटिल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अपरान्ह करीब 3 बजे जिला मुख्यालय के निकट छिंदडॉड़ मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे ऑटो से टकरा गई। इस दुर्घटना में तेज गति से बाइक की खड़ी ऑटो से टक्कर होने से ऑटो भी सड़क के दूसरी ओर चला गया, वहीं बाइक चालक के साथ पीछे बैठी एक स्कूली छात्रा गिर गई। इस घटना में छात्रा को हल्की चोटे आए, वहीं बाइक चालक को भी चोटे आई। घटना पश्चात सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई और घायल छात्राओं को एक कार में बिठाकर अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक चालक बहुत तेज गति से वाहन चलाते हुए पीछे मुड़कर देख रहा था, इसी दौरान सामने खड़ी एक ऑटो से तेज गति से टकरा गया। इस घटना में बाइक चालक के साथ पीछे बैठी छात्रा सड़क पर गिर गई, जिन्हें हल्की चोटे लगी, इसके एक दिन पूर्व मंगलवार की रात्रि में तलवापारा मुख्यमार्ग स्थित चौदहा फ्यूल के पास सड़क किनारे खड़ी एक वाहन से स्कूटी चालक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा मंगलवार की रात्रि करीब 8:30 बजे स्कूलपारा परियोजना आफिस मोड के पास दो बाइक में भिडंत हुई, इस घटना में बाइक चालकों को हल्की चोटे आई।

### अनियंत्रित गति दुर्घटना को आमंत्रण

साल का अंतिम माह चल रहा है तथा वर्तमान दौर में अनेक लोग जिनमें युवा वर्ग शामिल हैं पिकनिक मनाने के दौरान शराब का नशा कर बाइक तेज गति से भीड़-भाड़ वाले मार्ग पर भी तेज गति से वाहन चलाते हुए चलते हैं, इसके चलते सड़क दुर्घटना अक्सर होती रहती है, इसके अलावा युवा अपनी बाइक में किसी युवती को बठाया है तो धीमी गति से न चलकर काफी तेज रफ्तार से सड़क पर वाहन दौड़ाते हैं यही दुर्घटना का कारण बनता है।

### वर्ष के अंतिम दिनों में बढ़ जाते हैं हादसे





घायल छात्रा। दुर्घनाग्रस्त बाइक व आटो।

### नाबालिग के हाथों स्टेयरिंग

शहर क्षेत्र में देखने में यह आता है कि कई नाबालिगो के द्वारा दुपहिया वाहनों को काफी तेज गति से मुख्य मार्ग के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में भी तेज गति से वाहन को सरपट दौड़ाते हुए सड़क पर स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरे की सुरक्षा के लिए जोखिम की आशंका पैदा करते हैं, इसके अलावा कई नाबालिग छात्र-छात्राओं के हाथों में भी वाहन की स्टेयरिंग होती है, जो कि मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित गति से चलते हैं, इनके वाहन चालन के कारण सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों के विरूद्ध कार्रवाई करने की जरूरत है, इसके लिए नियमित जांच व कार्यवाई जरूरी है।

## लाहिड़ी पीजी कॉलेज चिरमिरी में जागरुकता कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को शासकीय लाहिड़ी पीजी कॉलेज चिरमिरी में विधिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के नेतृत्व में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिनियम के प्रावधानों, बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज के लिए एक गंभीर अपराध बताया गया। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य राकेश महौत द्वारा किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी गई, वहीं बाल कल्याण समिति के सदस्य वाचस्पति दुबे ने बाल कल्याण समिति की भूमिका, अधिकार एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई की संरचना, कार्य एवं बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी, आउटरीच वर्कर, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में उपस्थितजन को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह न करने एवं रोकने की शपथ दिलाई गई।

## बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** बस की ठोकर से घायल महिला ने स्वस्थ होने के उपरांत आरोपी बस चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है, इस पर पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ धारा 125 ए, 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता श्रीमती आशीदीप एक्का निवासी रामपुर बैकुंठपुर में किराए के क्वार्टर में रहती है जो पेशे से शिक्षिका है। घटना दिवस 27 अगस्त को अपने काम से लड़की तान्या खुशी के साथ ग्राम केनापारा स्कूटी से अपने घर रामपुर जा रही थी, इसी बीच वह इंदिरा पार्क गेज नदी के पास रोड किनारे स्कूटी खड़ी कर फोन से बात कर रही थी कि अपरान्ह के समय दुर्गा बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0352 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से स्कूटी को ठोकर मार दी। इस घटना में मां-बेटी को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई, जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और पूरी तरह से ठीक होने के उपरांत पीड़िता ने आरोपी बस चालक के विरूद्ध 15 दिसंबर को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


### डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भगवानपुर में समारोह

# नैतिक मूल्यों के बिना शिक्षा अधूरी: पावले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़





भगवानपुर जनकपुर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भगवानपुर में 17 दिसंबर को विद्यालय परिसर में रंगारंग वार्षिक प्रस्तुति समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण हो गया।

इस वर्ष विद्यालय के वार्षिक समारोह की थीम संवर्धनम आपके सपनों का रखी गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों, अनुशासन तथा भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए देशभक्ति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक मूल्यों एवं आधुनिक शिक्षा जैसे विषयों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य, एकल नृत्य, नाट्य मंचन, देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### सभापति ने किया बंजा हायर सेकेंडरी स्कूल कुसमुशी प्राथमिक शाला का निरीक्षण



**भैयाथान।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बंजा एवं शासकीय प्राथमिक शाला कुसमुशी का निरीक्षण सहकारिता एवं उद्योग विकास विभाग के सभापति राजू गुप्ता द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सभापति ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। इसी बीच कक्षा 5वीं की एक छात्रा को बीच से उठाकर पुस्तक पढ़ने के लिए कहा गया, जिस पर छात्रा ने अंग्रेजी विषय की पुस्तक को आत्मविश्वास के साथ फर्राटेदार ढंग से पढ़कर सुनाया। छात्रा की इस प्रस्तुति से सभापति सहित उपस्थित शिक्षक काफी प्रसन्न हुए और उसकी सराहना की। सभापति ने शिक्षकों से विद्यालय की उपस्थिति, शाला की साफ-सफाई, लिपाई-पुताई, मरम्मत कार्य एवं नए भवन की आवश्यकता को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक कमियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान सभापति ने विद्यालयों में बच्चों की वार्षिक परीक्षाओं में शत-प्रतिशत एवं उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया।

### सरगुजा झण्डा सेवा समिति ने नेवता भोज के साथ बच्चों को किया गर्म कपड़े का वितरण



**ओड़गी।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते शासन प्रशासन के साथ विभिन्न सेवा समितियों द्वारा स्कूली बच्चों व जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत दिलाने पहल किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मां कुदरगढ़ी सरगुजा झंडा मानस सेवा समिति द्वारा जिले के प्राथमिक शाला झुनकी पारा, ओड़गी में अध्ययनरत सभी बच्चों को स्वेटर व टोपी वितरण किया। विदित हो मां कुदरगढ़ी सरगुजा झंडा मानस सेवा समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता के साथ धार्मिक, सांस्कृतिक तथा लोक कला व संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य को लेकर विगत 25 वर्षों से अग्रसर है। इस संबंध में समिति के सचिव हरिनारायण दुबे ने बताया कि इस सर्द मौसम में पिछड़े क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों को काफी परेशानी होती है, समिति के निर्णय अनुसार आज विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो बाहुल्य ग्राम के प्राथमिक शाला झुनकी पारा विकासखंड ओड़गी मे नेवता भोज के रूप में मिष्ठान खिलाते हुए अध्ययनरत सभी बच्चों को स्वेटर व टोपी का वितरण किया गया, जिससे बच्चों को ठंड से राहत के साथ नियमित विद्यालय आ सकेंगे। इस दौरान दर्दई राम कुशवाहा, रामभरोस देवांगन,प्रदीप द्विवेदी, ऋषिराज सिंह, शशांक प्रताप सिंह, ऋषि कुमार पाण्डेय, हरिनारायण दुबे, कुंजलाल यादव, भुनेश्वर यादव, रामकाया पण्डो, गणेश सिंह, अमीर साय सहित अन्य मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन में नई नियुक्ति

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला इकाई बलरामपुर–रामानुजगंज द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश एवं संभाग प्रभारी के अनुमोदन के पश्चात अंचल यादव, प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला चेरा, विकासखंड रामचंद्रपुर को विकासखंड अध्यक्ष, रामचंद्रपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। जारी नियुक्ति पत्र में जिला इकाई ने आशा एवं विश्वास व्यक्त किया है कि श्री यादव अपने नवीन दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ऊर्जा एवं समर्पण के साथ करते हुए संगठन के हित में कार्य करेंगे तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन सिंह ने अंचल यादव को नई जिम्मेदारी पर उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

**अंबिकापुर।** पीएम केंद्रीय विद्यालय अम्बिकापुर में 15 दिसंबर को केंद्रीय विद्यालय संगठन का 62वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ 62वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट रवि रंजन कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने केंद्रीय विद्यालय संगठन का सामुदायिक गीत प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने संगठन की शैक्षिक परंपरा, उद्देश्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ शिक्षक विलियम सोरेंग ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना एवं देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में उसकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त एक विद्यार्थी द्वारा दिया गया प्रभावशाली भाषण तथा प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों की छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसी क्रम में विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रिले रेस, 100 व 200 मीटर दौड़, रस्साकस्सी, लंबी कूद एवं कबड्डी जैसी विभिन्न प्रतियोगिता कराई गई। आयोजन का संचालन खेल शिक्षक कॉसमोस कुजूर के नेतृत्व में खेल प्रशिक्षकों उमेश मंडले एवं मेंहदी हसन के सहयोग से किया गया।

## सरगुजा फॉरेस्ट की टीम रही उपविजेता

# संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में लुचकी घाट की टीम ने मारी बाजी



विजेता टीम को कप प्रदान करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर के स्टेडियम ग्राउंड में स्व. त्रयंबक शरण सिंह की स्मृति में आयोजित संभाग स्तरीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में लुचकी घाट अंबिकापुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरगुजा फॉरेस्ट को पेनाल्टी शूटआउट में पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं सरगुजा फॉरेस्ट की टीम उपविजेता रही।

**खास बात**
- संभाग की 16 टीमों ने लिया था भाग

प्रतियोगिता 6 दिसंबर से प्रारंभ हुई थी, जिसमें संभाग की 16 टीमों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और रोमांचक का अद्भुत संगम देखने को मिला। फाइनल मैच सरगुजा फॉरेस्ट और लुचकी घाट अंबिकापुर के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने निर्धारित समय तक बराबरी का संघर्ष किया। इसके बाद हुए पेनाल्टी शूटआउट में लुचकी घाट अंबिकापुर ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार उजीत मरकाम को दिया गया, जबकि फाइनल के मैन ऑफ द मैच साइमन एक्का बने। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए गोलकीपर सचिन को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को नगद राशि सहित शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के दौरान प्रतापपुर क्षेत्र के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों मोहन पांडे, दीनानाथ गुप्ता, डीआर तिग्गा, संतोष सिंह, रहीम खान, नंदलाल तिवारी, भोले देवांगन, परमेश्वर यादव, हरिलाल पैकरा, जान मुहम्मद, शंभूनाथ गुप्ता, हयात खान, अनिल जायसवाल, अरविंद कश्यप, मनोज जायसवाल, शत्रुघ्न ठाकुर सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, अक्षय तिवारी, दीनानाथ गुप्ता, मोहन पांडे, लक्ष्मी गुप्ता,अवधेश पांडे, आरपी सिंह, राजेश कश्यप, सीबू सिंह, श्याम लाल यादव, जितेन्द्र जायसवाल, रोहित यादव, पिंटू यादव, मुकेश यादव, राज सिंह, जगत केंवट, दिनेश यादव, निकेश यादव, मो. खलील, अक्षय गुप्ता, नवीन नाविक, नीलम श्रीवास्तव, अभय यादव, संजय यादव, संजू पांडेय, धीरज कश्यप, देवप्रसाद आयम, आशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### महिला फुटबॉल का आगाज

प्रतापपुर के मिनी स्टेडियम में पहली बार महिला खिलाड़ियों ने फुटबॉल मैच खेलकर इतिहास रचा। फाइनल से पूर्व शंकरगढ़ और बलसेढ़ी की महिला टीमों के बीच सद्भावना मैच खेला गया, जिसमें शंकरगढ़ की टीम विजयी रही। इस ऐतिहासिक मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**बिश्रामपुर।** जोहिला क्षेत्र में आयोजित एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों लीग मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है,बिश्रामपुर टीम की इस उपलब्धि से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है,प्रतियोगिता के पहले लीग मैच में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने कोरबा क्षेत्र को तीन विकेट से हराया, दूसरे मुकाबले में टीम ने सीडब्ल्यूएस कोरबा को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी,वहीं तीसरे और निर्णायक लीग मैच में बिश्रामपुर टीम ने मेजबान जोहिला क्षेत्र को 9 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है,तीनों लीग मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में अशोक दास और अमृत लाल का नाम सुर्खियों में है,ऑल राउंडर खिलाड़ी अशोक दास ने दूसरे लीग मैच में 28 रन बनाने के साथ 3 विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता,वहीं तीसरे लीग मैच में अमृतलाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने। गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र के टीम की कप्तानी राजेंद्र प्रधान कर रहे हैं,टीम के कोच वीरेंद्र सिंह एवं टीम मैनेजर राजेश सिंह हैं,टीम में वरिष्ठ खिलाड़ियों के रूप में अवतार सिंह कुमोद सिंह, रवि कुमार,सिमोन कुजुर, अशोक दास, अमृत लाल,जितेंद्र वर्मा,अरविंद विकास, नितेश यादव,प्रकाश दीप,घनश्याम,नरेंद्र साहू,बोधन, राजेंद्र, ऋषभ यादव सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।बताया गया कि अब बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम 20 दिसंबर को सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी,जिसे लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

- ऑल राउंडर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से तीन लीग मुकाबले जीते, मेजबान टीम जोहिला क्षेत्र को भी 9 रन से हराया





## रामानुजगंज के कराटे खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप में जीते 8 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

वाराणसी के सन वैली पब्लिक स्कूल में 6–7 दिसंबर को आयोजित तृतीय यूएसकेयेआई कप ऑल इंडिया नेशनल कराटे चैंपियनशिप में रामानुजगंज के चार कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने काता एवं कुमिते स्पर्धाओं में सफलता हासिल की।

महिमा सिंह सिदार (9 वर्ष) और जानवी सागर (11 वर्ष) ने दो-दो स्वर्ण पदक जीते। आशीष कुमार खुटय ने एक रजत व एक कांस्य, जबकि ओजल सागर ने दो कांस्य पदक प्राप्त किए। 12 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली इस प्रतियोगिता में यह उपलब्धि गौरवपूर्ण रही। सभी खिलाड़ी रामानुजगंज थाना परिसर के हैं। शहर वापसी पर रामानुजगंज थाना परिसर में एसडीओपी बाजीलाल सिंह सहित पुलिस अधिकारियों व नागरिकों ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान कर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## गृह संपर्क अभियान के तहत स्वयंसेवक संघ भेंट कर रहे भारत माता का चित्र एवं साहित्य पत्रिकाएं

**ओड़गी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गृह संपर्क अभियान चला रहा है। इसी अंतर्गत विकास खंड ओड़गी में संघ के स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। अभियान के दौरान स्वयंसेवक प्रत्येक परिवार से मिलकर भारत माता का चित्र, संघ का साहित्य, पत्रिकाएँ एवं सूचना पत्र भेंट कर रहे हैं, साथ ही समाज को संगठित करने वाली महत्वपूर्ण बातों पर संवाद भी कर रहे हैं। इनमें राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता,एकता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, तथा कुटुंब प्रबोधन जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस बीच मीडिया से बात कर अभिषेक सिंह ने बताया कि शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य संघ की विचारधारा एवं राष्ट्र हित के भाव को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और जागरूकता ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। अभियान में धर्मराज सिंह, हर्षित गुर्जर, सुजान गुर्जर एवं अन्य स्वयं सेवक सक्रिय है।





## कोल परिवहन बंद, वाहन मालिकों के समक्ष बनी आर्थिक संकट की स्थिति

**बिश्रामपुर।** भटगांव से करंजी रेलवे कोल साइडिंग तक ट्रक-ट्रालों के माध्यम से होने वाला कोयला परिवहन पिछले 1 दिसंबर से बंद होने के कारण सैकड़ों वाहन संचालकों और उनसे जुड़े चालक-क्लीनरों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट की स्थिति बन गई है,कोल परिवहन ठप्प होने से प्रभावित ट्रक-ट्राला संचालकों ने बुधवार को सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर करंजी साइडिंग को शीघ्र चालू कराने की मांग की है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कोयला परिवहन को रोक दिए जाने से 50 से अधिक स्थानीय ट्रक-ट्राला सड़क पर खड़े हो गए हैं,इससे इन वाहनों में कार्यरत 300 से अधिक चालक,क्लीनर एवं साइडिंग से जुड़े कर्मचारी पिछले पखवाड़े भर से बेरोजगारी और आर्थिक नुकसान झेलने विवश हैं,वाहन संचालकों का कहना है कि कोयला परिवहन व गाड़ियों से जुड़े कार्यों से ही उनके परिवारों की आजीविका का मुख्य साधन है,साइडिंग में कोयला परिवहन के दौरान सड़क पर धूल उड़ने की समस्या बताकर अघोषित रूप से परिवहन बंद करा दिया गया है,समस्या के समाधान के लिए संबंधित पक्षों से कई बार बातचीत का प्रयास किया गया,लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल पाया है,संचालकों ने बताया कि परिवहन बंद रहने से वे वाहनों की भारी लोन फाइनेंस की किश्तें,रोड टैक्स और अन्य देनदारियां चुकाने में असमर्थ होते जा रहे हैं,ट्रक-ट्राला संचालकों ने प्रशासन से करंजी साइडिंग को अविलंब शुरू कराकर राज्य शासन,रेलवे तथा स्थानीय लोगों को हो रहे नुकसान से बचाव कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में ट्रक मालिक संघ सूरजपुर अध्यक्ष विकास सिंह,संजय चौधरी,समीर सिंह,सुरेश मंडल,योगेन्द्र दुबे,संतोष पाठक,राजू सिंह,सरफराज, नागेंद्र यादव,विक्रांत सिंह,राकेश कुमार,चेतराम शत्रुघ्न विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ट्रक ट्राला मालिक उपस्थित थे।

- सूरजपुर ट्रक मालिक संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कोल परिवहन पुन: शुरू कराने की मांग

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर तीन लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वाहन की टक्कर, बाइक पेड़ से टकराने व पुलिया से ट्रैक्टर गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सहनपुर निवासी लिनुस एक्का आ. पिचा एक्का (47 वर्ष) 10 दिसंबर को पत्नी मानमति के साथ ग्राम पुटापानी निवासी सास की तबीयत खराब होने पर देखने गए थे। शाम को दंपती बाइक से वापस घर लौट रहे थे और जैसे ही डडगांव कोसा फार्म के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए। घायल दंपति को लुण्ड्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने पति की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन ने लिनुस एक्का को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा निवासी सानिया आ. राम बहादुर (18 वर्ष) सोमवार को गांव के ही मंगेतर अर्जुन सिंह के साथ बाइक से शहर में मीना बाजार घूमने आए थे। शाम को दोनो बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम खर्रा नदी के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए। दुर्घटना में युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवती को मृत घोषित कर दिया वहीं युवक का उपचार अस्पताल में चल रहा है। वहीं एक अन्य घटना में दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवाबांध निवासी प्रेम कुमार राजवाड़े आ. अमर राजवाड़े (16 वर्ष) दोपहर ट्रैक्टर लेकर आ रहा था और जैसे ही नावाबांध पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर वाहन सहित पुलिया के नीचे गिर गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।



### शिक्षक संघ की बैठक में दो ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव

**अम्बिकापुर।** शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी की बैठक लुण्ड्रा में रविवार को हुई जिसमें संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई और साथ ही लुण्ड्रा और सीतापुर ब्लॉक के रिक्त अध्यक्ष पद पर क्रमशः सत्य प्रकाश सिन्हा और राजेश गुप्ता को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक में संगठन मंत्री बाल गोविंद गुप्ता, अध्यक्ष सीपी सोनी, सचिव दउवा दास कोषाध्याय विश्वास तिवारी, कार्यकारिणी अध्यक्ष राकेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।



## जनमन योजना के तहत कराए जा रहे भवन निर्माण में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

जनमन योजना के तहत पहाड़ी कोरवा बस्ती में बनाया जा रहा बहु उद्देशीय भवन अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही से अनियमितता की भेंट चढ़ गया है। भवन निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है जिससे लोगों में खासा रोष है। निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर अधिकारी भी निर्माण में मानकों का ख्याल नहीं रखने की बात स्वीकार कर रहे है लेकिन दोषियों पर क्या कार्रवाई होगी यह स्पष्ट नहीं है।

- ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, 50 लाख रुपए से कराया जा रहा है कार्य

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समाज पहाड़ी कोरवा को मुख्यधारा से जोड़ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित किया जा रहा है। पहुंचविहीन क्षेत्रों में रहने वाले पहाड़ी कोरवा परिवार तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने सरकार करोडो रुपए खर्च कर बिजली, सड़क, पुल, आवास आदि का निर्माण करा रही है। इसी योजा के तहत ग्राम पंचायत बगड़ोली में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 50 लाख की लागत से आंगनबाड़ी कम पहाड़ी कोरवा बहुद्देश्यीय भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इस भवन निर्माण का उद्देश्य पहुंचविहीन क्षेत्रों में रहने वाले पहाड़ी कोरवा समेत अन्य समाज के लोगों विषम परिस्थितियों में यहां सुरक्षित रखा जा सके। अजाक विभाग की देखरेख में निर्माणाधीन भवन का निर्माण कार्य शुरू होते ही विवादों के घेरे में आ गया। भवन निर्माण में अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप एवं घटिया निर्माण को शह देने के आरोप लगने लगे। इस संबंध में ग्रामीण लच्छू, बुधियार साय, कलीराम आदि का कहना है कि नींव के निर्माण कार्य से शुरू हुआ घटिया निर्माण कार्य आज भी बदस्तूर जारी है। भवन के नींव निर्माण के दौरान जमकर मनमानी की गई और विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों को एक सिरे से दरकिनार कर दिया गया।



इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने निर्माण कार्य से पूरी तरह किनारा कर लिया था।वर्तमान में भी निर्माण कार्य के दौरान अधिकारी अपनी मर्जी से आते है और एक नजर फेर कर चले जाते है। ऐसे में काम की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और ठेकेदार जमकर मनमानी कर रहे है। आलम ये है कि भवन निर्माण में जिस सामग्री का उपयोग किया जा रहा है वो बेहद घटिया और निम्न स्तर का है। भवन के फर्श को लेबल करने के लिए जिस बोल्डरों का उपयोग किया जा रहा है उसे सरकार ने सालों पूर्व प्रतिबंधित कर दिया है। इसी तरह जिस ईंट का उपयोग दीवाल खड़ा करने के लिए किया जा रहा है वो बेहद घटिया स्तर का है। इसके अलावा छड़ सीमेंट मसाला में भी विभाग द्वारा तय अनुपात का ख्याल नही रखा जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि इस घटिया निर्माण के बारे में शिकायत दर्ज कराने अधिकारी से कई बार मिलने की कोशिश की गई किंतु अधिकारी निर्माण कार्य के प्रति उदासीन है इसलिए वो यहां कम आते है जिसकी वजह से उनसे भेंट नहीं हो पाई।

ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारी पर घटिया निर्माण कार्य में ठेकेदार के साथ सांठगांठ का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से जांच मांग की है ताकि जनमन योजना से बनने वाले भवन की गुणवत्ता की जांच हो सके और घटिया निर्माण कार्य पर रोक लग सके।

### जांच करके सुधार कराया जाएगा

कुछ दिनों पूर्व उन्होंने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। कुछ कमियां थी उसे दूर कराने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए थे। अगर ग्रामीणों को लगता का निर्माण कार्य मे गुणवत्ता का अभाव है तो इसकी जांच करा उसमें सुधार कराया जाएगा।

**– राजाराम पुसाम**
एसडीओ

## शिवानी महिला समिति ने नारी शक्ति खेल महोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल की शिवानी महिला समिति के तत्वावधान में आयोजित नारी शक्ति खेल महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन बिश्रामपुर क्षेत्र में संपन्न हुआ,पहले दिवस दस दिसम्बर को स्नेह मिलन में विविध श्रेणियों के इनडोर गेम आयोजित किए गए,वहीं सोमवार को डीएवी विद्यालय प्रांगण में आउट डोर गेम्स संपन्न हुए,जिसमें क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मियों ने विभिन्न खेलो में उत्साह से भाग लिया,डीएवी पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल उपस्थित रहीं, अध्यक्षता क्षेत्रीय महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह ने की, विभिन्न खेलों में शिवानी महिला समिति की सदस्यों के साथ ही क्षेत्र में पदस्थ कार्यरत महिला अधिकारी, कर्मचारी व कामगार ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एसडीएम शिवानी जायसवाल व महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह ने प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर पुरुस्कृत किया,इस दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम शिवानी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में आयोजन की सराहना कर कहा कि ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिए,आज भागदौड़ भरी जिंदगी में खेल और मनोरंजन दोनों आवश्यक है और ये इस आयोजन में दोनों बाते शामिल रही,उन्होंने कहा कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में अपने को अग्रणी साबित कर रही हैं, ये महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है,पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से शिवानी महिला समिति की कामिनी राय,स्नेहा अटल,ऊषा शर्मा, अनीता भील,जया रमन्ना,डीएवी स्कुल की प्राचार्य अनामिका भारती उपस्थित रहीं।

- सूरजपुर एसडीएम एवं समिति अध्यक्षा ने इंडोर व आउटडोर गेम्स के विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

लाइफ Style

# श्रद्धा



## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।

## हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।



# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!



**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।

# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।



### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## खबर संक्षेप

### 79 आवेदन पत्रों की सुनवाई

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 79 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत केके सोनी, सभी तहसीलों के तहसीलदारों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### भाजपा कार्यालय घेराव को लेकर कांग्रेस का ऐलान

**मनेन्द्रगढ़।** नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज एफआईआर को न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने इसे सत्य और लोकतंत्र की जीत करार दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी शाह और भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजनीतिक द्वेष के तहत षड़यंत्र रचा गया, जिसे न्यायपालिका ने खारिज कर दिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भाजपा की कथित राजनीतिक प्रतिशोध की नीति के विरोध में 18 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह घेराव प्रातः 1 बजे से भाजपा कार्यालय, चैनपुर, मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस कार्यक्रम में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से काफी संख्या में उपस्थित होकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है।

### शहरी पीएम आवास हितग्राहियों को मिली राशि

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत अब तक कुल 40 हितग्राहियों को 44,34,000 की राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 29 अन्य हितग्राहियों के भुगतान के लिए बिल तैयार कर डीडीओ कार्यालय में प्रेषित कर दिया गया है, जिनका भुगतान शीघ्र किया जाएगा। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि बीएलसी प्रथम, द्वितीय एवं 2.0 के अंतर्गत निमार्णाधीन सभी आवासों को नियमानुसार पूर्ण करने पर शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान किया जाएगा। कुछ हितग्राहियों के आधार लिंक से संबंधित तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं, जिनका समाधान निकाय स्तर पर प्राथमिकता से किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि हितग्राही अनुदान की राशि में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है, और सभी पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार लाभ प्रदान किया जाएगा।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202512330400009
विषयः-अ-6 अ मामले की श्रेणीः राजस्व
सनः- 2025-2026
हर्रा प.ह.न. 00003। 322(0.1700 हे.)।
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- शिवप्रसाद सैनी उर्फ दीपक सैनी
अनावेदक पक्षकार- (छ.ग.) शासन
क्रमांक/101/वाचक-4/2025

ईश्तहार

मने., दिनांक 09.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवप्रसाद सैनी उर्फ दीपक सैनी पिता स्व. छोटेलाल, निवासी ग्राम लाई, पोस्ट नागपुर, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी. बी. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम हर्रा स्थित खसरा नंबर 322 रकबा 0.170 हे. राजस्व अभिलेखो में दीपक कुमार सैनी वल्द छोटेलाल सैनी के नाम से दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक का वास्तविक एवं सही नाम शिवप्रसाद सैनी उर्फ दीपक सैनी है। आवेदक उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में शिवप्रसाद सैनी उर्फ दीपक सैनी दर्ज कराना चाहता है।

उक्त संबंध किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आगामी पेशी तारीख 26/12/2025 के पूर्व दावा-आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/12/2025 को जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)


## हर रोज उपार्जन केन्द्र का लगाते है चक्कर, किसानों में आक्रोश

# धान खरीदी केन्द्र में टोकन नहीं कटने से दो सौ किसान हैं परेशान



धान खरीदी केन्द्र में टोकन के इंतजार में किसान।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर**

गिरदावरी में हुई गड़बड़ी की समस्या अभी दूर नहीं हुआ कि अब किसानों के समक्ष टोकन की समस्या उत्पन्न हो गई है। किसान अपनी उपज को उपार्जन केन्द्र में बेच सके इसके लिए हर रोज धान खरीदी केन्द्र का चक्कर लगाते है बावजूद इसके किसानों को टोकन नसीब नहीं हो पा रहा है। आलम यह है कि किसान सुबह से शाम तक धान खरीदी केंद्र में मौजूद रहते है लेकिन टोकन नहीं मिलने से निराश होकर बैरंग की घर लौट जाने को मजबूर है। ऐसे में आक्रोशित किसान आज जिपं सदस्य पंकज तिवारी के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां अपनी सस्याएं व मांग रखी। किसानों ने मांग जल्द पूरी नहीं होने पर 19 दिसंबर में कार्यालय के सामने आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सूरजपुर धान खरीदी केंद्र में टोकन नहीं कटने से लगभग दो सौ किसान परेशान हैं। सुबह किसान धान खरीदी केंद्र पहुंच जाते हैं और टोकन कटने के इंतजार में दिन भर धान खरीदी केंद्र में बैठ कर टोकन कटने का इंतजार करते है। इधर सर्वर की समस्या बताकर किसानों को वापस भेज दिया जाता है। पिछले दो सप्ताह से इस तरह की परेशानी से जूझ रहे किसान आज बड़ी संख्या में किसान जिला पंचायत सदस्य पंकज तिवारी के निवास पर जाकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिपं पंकज तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगे रखी। किसानों की ओर से मुख्य मांग थी कि उन्हे ,टोकन को लेकर जिस तरीके से परेशानी सामने आई है निश्चित रूप से किसान परेशान है। धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की जो मात्रा प्रतिदिन के हिसाब से तय की गई है वह निश्चित मात्रा से कम है, यदि धान खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन धान खरीदी की मात्रा को नहीं बढ़ाया गया तो 70 प्रतिशत से अधिक की खरीदी कर पाना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में 30 प्रतिशत से अधिक किसान धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। ऑनलाइन टोकन होने से किसानों के सामने टोकन के संकट की स्थिति खड़ी हो गई है। किसानों ने समस्या को दूर किए जाने की मांग की है साथ ही गुरुवार तक समस्या का निराकरण नहीं होने पर 19 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय के समीप आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- बड़ी संख्या में किसान पहुंचे कलेक्टर से गुहार लगाने

### जिपंअध्यक्ष ने किया दवनकरा धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

पोड़ी मोड़। पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा ने धान खरीदी केंद्र दवनकरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक को सख्त हिदायत दिया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसानों ने बताया कि यहां हम किसानों किसी प्रकार का कोई सुविधा खरीदी प्रभारी द्वारा नहीं दिया जा रहा है। कई बार शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई सुधार नहीं हुआ है। यहां तक की धान तौलने से लेकर बोरी सिलाई व छल्ली लगाने तक का काम हम किसानों को स्वयं करना पड़ता है। शिकायत के बाद भी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई जिससे धान बेचने आने वाले किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा धान बोने के समय खाद बीज व केसीसी को लेकर कई दिनों तक समिति का चक्कर काटना पडता। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा ने समिति प्रबंधक को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समिति में धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।



### कई किसानों के पास नहीं एंड्राइड मोबाइल

किसानों में बताया कि मोबाइल से एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन बुक करा सकते है। लेकिन अधिकांश किसान जो ग्रामीण अंचल में निवासरत हैं वहां सर्वर की समस्या बना रहता है जिससे टोकन के लिए नंबर लगाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और कई बार आटीपी भी नहीं आता जिससे टोकन से वंचित रह जाते है। इसके अलावा बहुत सारे किसानों के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है ऐसे में किसान को समिति आकर टोकन कटवाना पड़ता है।

### तहसील कार्यालय में किसानों की भीड़


गिरदावरी में हुई गड़बड़ी पर अब किसान अपनी रकबा सुधरवाने के लिए तहसील कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर है। ऐसे में हर रोज तहसील कार्यालय में किसानों की भारी भीड़ देखी जा सकती है। किसान किसी तरह अपनी रकबा सुधरवा लेते तो उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए टोकन के लिए समिति का चक्कर लगाना पड़ता है। ऐस में धान खरीदी केंद्र में किसानों की संख्या बढ़ती ही जा रही है।

### सर्वर के कारण हो रही परेशानी

धान खरीदी केंद्र में किसानों की काफी भीड़ होने लगी है। कई किसान अपनी उपज बेचने आते है जबकि अधिकांश किसान टोकन के लिए पहुंच रहे है। सर्वर डाउन होने के वजह से टोकन नहीं कट पा रहा है।

-मोहन राजवाड़े, धान खरीदी प्रभारी सूरजपुर

## नाम के बिना पहचान अधूरी...



**बैकुण्ठपुर।** सोनहत मार्ग किनारे स्थित मध्यम श्रेणी की बांध परियोजना गेज बांध का नाम तो है पर निशान नहीं, मुख्य द्वार पर स्वागत व पहचान का बोर्ड उखड़ गया है। ऐसे में नाम के बिना पहचान अधूरी है।

# 243 ग्राम ओडीएफ प्लस

## स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वित्तीय प्रगति, शौचालय निर्माण की स्थिति, ओडीएफ प्लस ग्रामों की उपलब्धि तथा जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डीडी मंडावी व स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 80.60 लाख की राशि आवंटित की गई है, जिसके विरूद्ध 1 अप्रैल से 12 दिसंबर तक 54.55 लाख का व्यय किया जा चुका है। शेष 26.05 लाख की राशि निर्धारित कार्यों में व्यय की जानी है। सामुदायिक शौचालय निर्माण की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2025-26 में 60 सामुदायिक शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक 35 शौचालय स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 17 पूर्ण हो चुके हैं तथा 18 शौचालय निर्माणाधीन हैं। इसी प्रकार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के तहत वर्ष 2025-26 में 2000 शौचालयों का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 1052 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 974 शौचालय पूर्ण हो चुके हैं और 78 प्रगतिरत हैं। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिले के सभी 243 ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# स्कूल में खेल, अनुशासन और उत्साह का संगम



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

उगते सूरज की स्वर्णिम किरणों के साथ दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ का प्रांगण विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन और आत्मविश्वास से जीवंत हो उठा। अवसर था विद्यालय के भव्य वार्षिक खेल महोत्सव का जो खेल भावना और सर्वांगीण विकास का सजीव उदाहरण बनकर सामने आया। इस गरिमामय आयोजन के मुख्य अतिथि एसईसीएल के महाप्रबंधक मनोज विष्णोई रहे। उनके आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह, अध्यक्ष श्रीमती मीरा सिंह, निदेशक वेकंटेश सिंह, निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह, एसडीएम मनेन्द्रगढ़ लिंगराज सिदार, एसडीएम खड़गवां विजेन्द्र सारथी, विधि प्रकोष्ठ से श्रीमती नम्रता डोंगरे, श्रीमती श्रुति दुबे, श्रीमती सरिता दास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ अविनाश खरे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, केन्द्रीय विद्यालय झगराखांड के प्राचार्य बीएस श्रीवास्तव, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की श्रीमती सरोजबाला बिश्नोई, सतीश गुप्ता, शराफत अली, विनय पांडे, राजा मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल प्रज्ज्वलन, राष्टीय ध्वज को सलामी एवं अनुशासित मार्च-पास्ट से हुआ। चारों सदनों के विद्यार्थियों ने एकरूप वेशभूषा में सुसंगठित कदमताल प्रस्तुत की, जिसे देख पूरा प्रांगण तालियों की गूंज से भर उठा। यह दृश्य विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और अनुशासन का जीवंत प्रमाण था। खेल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, कराटे, योग, ड्रिल सहित अनेक स्पर्धाएं आयोजित की गरइं नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनोरंजक दौड़ों ने उपस्थित अभिभावकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। विद्यार्थियों ने खेल को प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि उत्सव के रूप में अपनाया।

# लालपुर में बाल अधिकार चेतना का अभियान



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

किसी भी सशक्त और समतामूलक समाज की नींव महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा से ही मजबूत होती है। इसी उद्देश्य को केन्द्र में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ग्राम लालपुर में बाल अधिकारों पर केन्द्रित एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान लिंग आधारित हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर संवाद स्थापित किया गया। वक्ताओं ने इसके कारणों, स्वरूपों एवं दूरगामी दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह हिंसा केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना से जुड़ा प्रश्न है, इसे समाप्त करने के लिए परिवार, समुदाय और संस्थाओं की सामूहिक भूमिका को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को प्राप्त कानूनी संरक्षण एवं विशेष अधिकारों की जानकारी दी गई, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने अधिकारों के लिए सजग रह सकें। बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को समाज की साझा जिम्मेदारी बताया गया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आयाम बाल विवाह उन्मूलन रहा। उपस्थितजन को बाल विवाह के विरूद्ध शपथ दिलाई गई तथा इसके स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर गंभीर विमर्श हुआ।

# एड्स जागरूकता सेमिनार 50 युवाओं ने लिया भाग



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

मेरा युवा भारत कोरिया, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, छग एड्स कंट्रोल सोसायटी तथा शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता निशा सिंह ने एचआईवी संक्रमण एवं एड्स महामारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, इसकी रोकथाम, समय पर जांच, प्रशिक्षण एवं उपचार सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों के सम्मान, समाज में उन्हें सम्मानपूर्वक स्वीकार करने तथा किसी भी प्रकार के भेदभाव से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य के बारे में जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत कोरिया सौरभ निषाद ने उपस्थित युवाओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ की डॉ. अरूणिमा दत्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मेरा युवा भारत कोरिया के कार्यालय सहायक राजीव साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर 50 युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# आयुष विंग ने किया एनसीसी कैडेट्स का स्वास्थ्य परीक्षण



**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में 17 दिसंबर को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में एनसीसी कैडेट्स का स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शीत ऋतु में होने वाले विभिन्न रोगों के लक्षण एवं उनसे बचाव के उपाय, गैर संचारी रोग (एनसीडी) के लक्षण व रोकथाम, स्वच्छता के महत्व, सुपोषण की उपयोगिता सहित स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गरइं। चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से एनसीसी प्रशिक्षण शिविर से पूर्व कैडेट्स का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा कैडेट्स एवं विद्यालयीन स्टाफ को आवश्यक औषधियां वितरित की गरइं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो, एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल एवं विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि 19 से 28 दिसंबर तक सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल कोरबा में आयोजित होने वाले एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में 42 कैडेट्स भाग लेकर सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। चिकित्सा शिविर में आयुष विंग जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के डॉ. बीआर नायक, पंचकर्म सहायक श्रीमती मनीषा सिरमौर एवं पीतांबर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

**शीत ऋतु जनित रोगों से बचाव एवं एनसीडी पर दी गई जानकारी**

# भंडारपारा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर



**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर की संगठन व्यवस्था में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बैकुंठपुर द्वारा राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) का विशेष सात दिवसीय शिविर ग्राम पंचायत भवन भंडारपारा प्रांगण में 9 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया गया। शिविर का समापन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

समापन समारोह की अध्यक्षता जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती शिवकुमारी मिंज (सरपंच), श्रीमती अन्न राजवाड़े (उप सरपंच) एवं सुखनंदन मिंज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संरक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन, राजकीय गीत एवं एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर की थीम नशामुक्त भारत के लिए युवा रही। शिविर में 48 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया, जिन्होंने पीटी, योग, परेड, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास किया। परियोजना कार्य के अंतर्गत 151 परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वे किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. एमसी हिमधर ने एनएसएस को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बताया। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन कु. रूपा राजवाड़े एवं श्वेता सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्रीमती कनकलता पैकरा द्वारा किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नैतिक मूल्यों के ...

संस्कार आधारित शिक्षण व्यवस्था को साकार रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष एमसीबी एवं पूर्व विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती चंपा देवी पावले रहीं। उन्होंने कहा कि डीएवी जैसे शिक्षण संस्थान शिक्षा के साथ संस्कारों का बीजारोपण कर बच्चों को उज्जवल भविष्य की दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में नैतिक मूल्यों के बिना शिक्षा अधूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डीएवी संस्था जोन-सी की प्रबंधक/एआरओ श्रीमती विद्या शर्मा तथा विद्यालय के प्राचार्य सुनील महाजन, बीईओ सच्चीदानंद साहू, नवीन महाविद्यालय प्राचार्य अतुल वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा रामचरित द्विवेदी, जिला मंत्री फलेन्द्र कुमार चेरवा, मंडल अध्यक्ष भाजपा नरेश यादव, जिला मंत्री भाजपा पवन शुक्ला उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य सुनील महाजन ने अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।


online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411